होर्डिंग हटाने पर भड़के पार्षद, साढ़े पांच घंटे धरना

कार्रवाई के बाद नगर निगम में लामबंद हुए पार्षद, हंगामा कर विकास कार्य न होने के भी आरोप लगाए

अमर उजाला ब्यूरो

झांसी। पार्षद नीता यादव के बेटे की शादी से जुड़ी होर्डिंग हटाने से नाराज पार्षदों ने मंगलवार को नगर निगम परिसर में धरना-प्रदर्शन किया। कार्रवाई के बाद लामबंद हुए पार्षदों ने नगर निगम प्रशासन पर वार्डों में विकास कार्य न कराने का भी आरोप लगाया। करीब साढ़े पांच घंटे तक चले धरने के बाद सदर विधायक के आश्वासन पर पार्षदों ने प्रदर्शन समाप्त कर दिया।

नगर निगम की टीम ने सुबह शहर में अवैध होर्डिंग और डिवाइडर पर लगे पैनल हटाने का अभियान चलाया। इसी दौरान पार्षद नीता यादव के बेटे की शादी के लिए लगाए गए पैनल भी हटा दिए गए। इस कार्रवाई से नाराज पार्षद शाम करीब साढ़े चार बजे नगर निगम परिसर में एकत्र हो गए और मुख्य गेट के बाहर धरने पर बैठ गए। इस दौरान उन्होंने नगर निगम प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी भी की।

पार्षद दिनेश प्रताप सिंह ने आरोप लगाया कि सदन में पारित प्रस्तावों का पालन नहीं किया जाता और वार्डों में विकास कार्य ठप हैं। नगर निगम द्वारा बनाई गई सड़कों को सीयूजीएल और जल निगम द्वारा खोद दिया गया है, जिससे लोगों को परेशानी हो रही है।

पार्षद नीता यादव ने कहा कि इलाइट से सीपरी जाने वाले मार्ग पर सड़क पर ही वाहन मरम्मत किए जा रहे हैं और फुटपाथ पर दुकानें लगवा दी गई हैं, जिससे आवागमन प्रभावित हो रहा है। वहीं पार्षद कामेश अहिरवार ने आरोप लगाया कि कई वार्डों में सड़कें अब भी कच्ची हैं। लंबे समय बाद निकाले गए टेंडर भी निरस्त कर दिए गए हैं।

सूचना पर पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। शाम करीब पौने सात बजे नगर आयुक्त आकांक्षा राणा वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग में शामिल होने के लिए चली गईं।

इससे पहले उन्होंने पार्षदों से बुधवार सुबह 10 बजे समस्याओं पर चर्चा के लिए कार्यालय आने को कहा, फिर भी पार्षदों ने धरना जारी रखा। रात करीब सवा नौ बजे सदर विधायक रवि शर्मा नगर निगम पहुंचे और पार्षदों की समस्याएं सुनीं। उन्होंने मामला शासन स्तर पर उठाने का आश्वासन दिया। इसके बाद रात साढ़े नौ बजे पार्षदों ने धरना समाप्त कर दिया। इस दौरान मेयर बिहारी लाल आर्य भी मौके पर पहुंचे और पार्षदों को समझाया। धरने में उपसभापति आशीष तिवारी सहित पार्षद मुकेश सोनी, हरिओम मिश्रा, अरविंद खटीक, भरत सेन, नरेंद्र किशोर, प्रियंका साहू, बालस्वरूप साहू, आशीष चौकसे, आशीष रायकवार और सत्यम यादव मौजूद रहे।

वार्ड की समस्या का समाधान नहीं होने पर पार्षदों ने नगर निगम में धरना प्रदर्शन किया। संवाद

ग्रुप में मैसेज के बाद जुटे पार्षद

नगर निगम की टीम ने सुबह पार्षद रितिका तिवारी के पति गौरव तिवारी की भी होर्डिंग हटा दी थी। इसके बाद दोपहर करीब डेढ़ बजे उन्होंने पार्षदों के सोशल मीडिया ग्रुप में मैसेज कर आरोप लगाया कि शहर में कई अवैध होर्डिंग लगी हैं लेकिन कार्रवाई केवल पार्षदों की होर्डिंग पर की जा रही है। इसके बाद अन्य पार्षदों से जुड़ी होर्डिंग हटने पर करीब 30 पार्षद एकजुट हो गए।

अपर नगर आयुक्त की गाड़ी की चाबी निकाली

प्रदर्शन के दौरान अपर नगर आयुक्त रोली गुप्ता जब कार्यालय में जाने लगीं तो पार्षदों ने उन्हें रोक लिया और काफी देर तक बहस हुई। बाद में सहायक नगर आयुक्त गौरव कुमार पहुंचे तो उन्हें भी रोक लिया गया। वह गाड़ी में बैठ गए तो पार्षद हरिओम मिश्रा ने उनकी गाड़ी की चाबी निकाल ली, जिसे बाद में लौटा दिया गया।

270 अवैध कियॉस्क और पैनल हटाए

झांसी। नगर निगम की टीम ने शहर में अवैध होर्डिंग के खिलाफ अभियान चलाया। इस दौरान 270 अवैध कियॉस्क और डिवाइडर पर लगे पैनल हटाए गए, जबकि बल्लियों पर लगी सात होर्डिंग जब्त की गईं। अपर नगर आयुक्त रोली गुप्ता ने बताया कि इलाइट चौराहा से पहुज नदी स्थित बिहारी चौराहा, गणेश चौराहा, जेल चौराहा होते हुए बिजौली तक अभियान चलाया गया। कार्रवाई के दौरान 150 पैनल, 120 कियॉस्क और सात होर्डिंग हटाई गईं। उन्होंने बताया कि अवैध होर्डिंग लगाने वालों की पहचान की जा रही है और उनके खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। ब्यूरो

हर अवैध होर्डिंग पर लगेगा पांच हजार जुर्माना

नगर निगम ने चेतावनी दी है कि विद्युत पोलों या सार्वजनिक स्थानों पर अवैध कियॉस्क, पैनल या होर्डिंग लगाने पर कार्रवाई की जाएगी। प्रति अवैध होर्डिंग पांच हजार रुपये और प्रति कियॉस्क या पैनल एक हजार रुपये जुर्माना वसूला जाएगा। जरूरत पड़ने पर प्राथमिकी भी दर्ज कराई जाएगी।

अवैध होर्डिंग हटाने की कार्रवाई लगातार की जा रही है और इसमें किसी प्रकार का भेदभाव नहीं किया जाता। नगर निगम के वार्डों में कार्यों के लिए निविदाएं निकाली गई हैं और छोटे कार्यों के लिए गैंग भी तैनात की गई है। पार्षदों को चर्चा के लिए कार्यालय बुलाया गया था लेकिन वे नहीं आए।
- आकांक्षा राणा, नगर आयुक्त

फिर सुर्खियों में निर्माण विभाग नगर आयुक्त ने लगाई फटकार

झांसी। नगर निगम का निर्माण विभाग एक बार फिर सुर्खियों में आ गया है। मंगलवार को ठेकेदारों ने नगर आयुक्त से मिलकर जानबूझकर कागजों में कमियां बताकर फर्म को बाहर करने के प्रयास का आरोप लगाया। दस्तावेज देखने के बाद नगर आयुक्त ने निर्माण विभाग के जिम्मेदारों को फटकार लगाई।

ठेकेदारों ने नगर आयुक्त आकांक्षा राणा को बताया कि 16 फरवरी को 15वें वित्त के कामों की निविदा निकाली गई थी। निविदा की समयसीमा पूरी होने के बाद अब दस्तावेजों का परीक्षण चल रहा है। ठेकेदारों ने आरोप लगाया कि निर्माण विभाग द्वारा टेंडर पूल करने की तैयारी चल रही है। निविदा शर्तों में टर्नओवर संबंधी दस्तावेज भी मांगा गया है। निविदा के दौरान ये दस्तावेज भी लगाए गए हैं। इसके बावजूद निर्माण विभाग के अधिकारी निविदा को निरस्त करना चाह रहे हैं। अधिकारी कह रहे हैं कि दस्तावेज फर्म के नाम से नहीं हैं।

उन्होंने ये भी कहा कि निर्माण विभाग चहेतों को तो चल रहे कामों का जितना भुगतान हो चुका होता है, उतने का अनुभव प्रमाणपत्र जारी कर देता है। बाकियों को ऐसा प्रमाणपत्र जारी करने में आनाकानी की जाती है। नगर आयुक्त आकांक्षा राणा ने निर्माण विभाग के जिम्मेदारों को कार्यालय बुलाया और कहा कि निविदा प्रकिया पूर्ण पारदर्शिता से होनी चाहिए। अगर किसी ने भी गड़बड़ी करने की कोशिश की तो कार्रवाई तय है। ब्यूरो

न्यूज डायरी

ई-बैंक गारंटी ही सुरक्षा राशि के रूप में स्वीकार होगी

झांसी। कलक्ट्रेट सभागार में बैंकर्स के साथ हुई बैठक में डीएम मृदुल चौधरी ने बताया कि नई आबकारी नीति के तहत देसी/विदेशी शराब की दुकानों, बार और थोक विक्रेताओं के लिए अब केवल ई-बैंक गारंटी को ही सुरक्षा राशि के रूप में स्वीकार किया जाएगा। इस नई प्रणाली के तहत बैंक गारंटी को डिजिटल रूप से सीधे आबकारी विभाग के पास ऑनलाइन गिरवी रखा जाएगा, जिसे प्रक्रिया पारदर्शी और आसान हो गई है। इस दौरान सीडीओ जुनैद अहमद, एलडीएम अजय शर्मा, जिला आबकारी अधिकारी मनोष गुप्ता आदि मौजूद रहे। ब्यूरो

बसपा कार्यकारिणी में नए सदस्यों का मनोनयन

झांसी। बहुजन समाज पार्टी की जिला कार्यकारिणी में जिला उपाध्यक्ष अशरफ कुरैशी, जिला महासचिव धर्मेंद्र चौधरी, कोषाध्यक्ष नितिन रायकवार, कार्यकारिणी सदस्य सुरेंद्र श्रीवास एवं संयोजक (बामसेफ) चंद्रकिरण को शामिल किया गया है। जिलाध्यक्ष बृजेश कुमार ने कहा कि इनके पदाधिकारियों के शामिल होने से संगठन को गति मिलेगी। मंडल कॉर्डिनेटर रविकांत मौर्या समेत अन्य वरिष्ठ नेताओं ने इन पदाधिकारियों के मनोनयन पर प्रसन्नता जताते हुए उनको बधाई दी है। ब्यूरो

विधान परिषद की समिति की बैठक कल

झांसी। कलक्ट्रेट सभागार में बृहस्पतिवार को सुबह 11 बजे से उत्तर प्रदेश विधान परिषद की विशेषाधिकार समिति के सभापति गोविंद नारायण शुक्ला के सभापतित्व और समिति के सदस्यों की उपस्थिति में समीक्षा बैठक होगी। इसमें झांसी, ललितपुर और जालौन के अधिकारी मौजूद रहेंगे। जनपद में कानून-व्यवस्था, विभागों को दी जाने वाली विकास की राशि के व्यय, विद्युतीकरण और किसानों को सिंचाई के लिए मिलने वाले नलकूप संयोजन के पत्रों के निस्तारण, सड़कों को गड्ढामुक्त करने, भारत सरकार की सार्वजनिक वितरण प्रणाली के तहत लाइसेंस वितरण, नगरीय क्षेत्र में फुटपाथों पर अतिक्रमण पर की गई कार्रवाई, सरकारी जमीनों पर कब्जे और अतिक्रमण पर कार्रवाई की स्थिति आदि की समीक्षा होगी। ब्यूरो

कांग्रेस शिक्षक प्रकोष्ठ के पदाधिकारी मनोनीत

झांसी। कांग्रेस के जिला मीडिया प्रभारी अमीर आर्य ने बताया कि प्रदेश कांग्रेस कमेटी शिक्षक प्रकोष्ठ के अध्यक्ष डॉ. अमित कुमार राय की ओर से गठित प्रदेश कार्यकारिणी को प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने स्वीकृति दे दी है। इसमें झांसी की शायमा नोमान को प्रदेश महासचिव व उमाचरण वर्मा एवं महजबी खान को प्रदेश सचिव बनाया गया है। संवाद

आईजीआरएस : 26 थाने दूसरे माह अव्वल

झांसी। आईजीआरएस पोर्टल पर शिकायतों के निस्तारण में झांसी पुलिस ने एक बार फिर प्रदेश में पहला स्थान हासिल किया है। फरवरी की प्रदेश स्तरीय रैंकिंग में झांसी को लगातार दूसरी बार प्रथम स्थान प्राप्त हुआ। एसएसपी बीबी जीटीएस मूर्ति के मुताबिक, आईजीआरएस पोर्टल पर मिलने वाली शिकायतों का निस्तारण पुलिसकर्मियों के मौके पर जाकर किया जाता है। ब्यूरो

महिलाओं को उपहार देकर किया सम्मानित

अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पखवाड़े के तहत राजकीय संग्रहालय में हुआ आयोजन

झांसी। हेल्पिंग हैंड्स सेवा संस्थान की तरफ से अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पखवाड़े के तहत राजकीय संग्रहालय में एमएलसी रमा निरंजन के मुख्य आतिथ्य में संस्थान की 151 महिलाओं को प्रेशर कुकर, मिक्सर, कैशरोल, वाटर कैंपर आदि उपहार भेंटकर सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम में डॉ. नीति शास्त्री, सुनीता शर्मा, माला मल्होत्रा, डॉ. अर्चना अवस्थी, गुड्डी रानी पटेल, संजना मातेले आदि विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं। संस्था अध्यक्ष सत्येंद्र कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि संस्थान की उन महिलाओं को सम्मानित किया गया, जो वर्ष भर पर्यावरण संरक्षण एवं अधिक से अधिक पौधरोपण किया।

बुंदेलखंड में जन जागरुकता रैलियों के माध्यम से लोगों को पेड़ लगाने के लिए प्रेरित करती हैं। इस मौके पर संस्था संरक्षक नरेंद्र दलमोत्रा, राधे सिंह, श्याम सुंदर पटेल, साधना यादव उपस्थित रहे। संचालन संस्थान की बुंदेलखंड प्रभारी प्रभा द्विवेदी व दीप्ति श्रीवास्तव ने किया। सुलभ टिकरिया ने आभार जताया। संवाद

राजकीय संग्रहालय में हेल्पिंग हैंड्स सेवा संस्थान द्वारा महिलाओं को सम्मानित किया। संवाद

पढ़ें, एक क्लिक के कई पहलू, 'स्पेशल स्टोरी' में amarujala.com पर

शहर के 10 उपकेंद्रों की क्षमता में 42 एमवीए तक की वृद्धि

झांसी। इस बार गर्मी के सीजन में उपभोक्ताओं को पिछले वर्षों की तुलना में बिजली कटौती से कुछ राहत मिलने की उम्मीद है। इसके लिए शहरी क्षेत्र के 10 बिजली उपकेंद्रों की क्षमता में करीब 42 एमवीए तक वृद्धि की जा रही है। क्षमता बढ़ने से बढ़ती बिजली खपत के बावजूद आपूर्ति व्यवस्था को बेहतर बनाए रखने में मदद मिलेगी।

सर्दियों में कूलर, पंखे और एसी कम चलने से बिजली की खपत अपेक्षाकृत कम रहती है लेकिन गर्मी आते ही खपत तेजी से बढ़ जाती है। इसे देखते हुए विद्युत वितरण निगम लिमिटेड ने पहले से ही तैयारी शुरू कर दी है। विजनेस प्लान 2023-24 और 2024-25 के तहत शहर के कई उपकेंद्रों की क्षमता बढ़ाने का कार्य किया जा रहा है।

शहर में 16 उपकेंद्रों से चलती है बिजली व्यवस्था : शहर में कुल 16 बिजली उपकेंद्र (पावर हाउस) हैं। इनमें हाइडिल कॉलोनी, जेल चौराहा, गल्ला मंडी, बिजौली, हंसारी, मेडिकल कॉलेज समेत अन्य उपकेंद्र शामिल हैं। इन्हीं से शहरी क्षेत्र की बिजली आपूर्ति संचालित होती है। संवाद

गर्मी में बिजली कटौती से राहत की उम्मीद, उपभोक्ताओं को मिलेगा सीधा लाभ

सीपरी क्षेत्र में सबसे अधिक क्षमता वृद्धि

सीपरी उपकेंद्र का क्षेत्र काफी बड़ा है। यहां बड़ी कॉलोनियां, औद्योगिक इकाइयां और व्यापारिक प्रतिष्ठान होने से बिजली की खपत भी अधिक रहती है। इसी कारण यहां 8 एमवीए क्षमता बढ़ाई जा रही है। इसके अलावा, सूती मिल, रानी महल, मुन्नालाल पावर हाउस और नंदनपुरा में भी पांच-पांच एमवीए क्षमता वृद्धि की जा रही है।

मेडिकल कॉलेज उपकेंद्र में पहले 30 एमवीए क्षमता थी, जिसे बढ़ाकर 40 एमवीए कर दिया गया है ताकि इस इलाके के उपभोक्ताओं और संस्थानों को बिजली संकट का सामना न करना पड़े।

गर्मी के मौसम में उपभोक्ताओं को किसी तरह की परेशानी न हो, इसके लिए मुख्यालय के निर्देश पर शहरी क्षेत्र के ज्यादातर पावर हाउसों की क्षमता बढ़ाई गई है। कई स्थानों पर अभी भी कार्य चल रहा है। **- पुष्कर सिंह, अधीक्षण अभियंता, शहरी क्षेत्र (बिजली विभाग)**

नितिन गडकरी को भेजी शिकायत

झांसी। सिमरावारी में टनल बनने का काम किया जा रहा है। इसके दोनों ओर कच्चा रास्ता है। इस रास्ते पर सर्विस रोड और नाली बनाने की मांग को लेकर ग्रामीण कई बार एनएचएआई से लेकर प्रशासन और नेताओं की चौखट खटखटा चुके हैं। ग्रामीणों ने बताया कि बारिश में कच्चे रास्ते से गुजर पाना मुमकिन नहीं होगा। इसलिए परिवहन मंत्री नितिन गडकरी तक अपनी समस्या डाक के माध्यम से भेजा है। महिलाओं ने बताया कि शिवपुरी बाईपास पर बन रहे टनल और फ्लाईओवर उनके घर व खेतों से करीब तीन से पांच मीटर गहराई से बनाया जा रहा है।

दोनों ओर कच्ची सड़क है। इससे वह अपने घरों और खेतों तक पहुंच रहे हैं। पहले एनएचएआई के प्रबंधक ने आश्वासन दिया था लेकिन अब नाली और सड़क बनाने की अनुमति नहीं दे रहे हैं। आजाद अवस्थी, किरन देवी, गायत्री ठाकुर, मिथिला राजपूत समेत अन्य ने बताया कि जर्जर रोड से घर जाना मुश्किल हो रहा है। बच्चों को स्कूली वाहन लेने घर तक नहीं आ रहे हैं। संवाद

बैंक ऑफ़ बड़ौदा
Bank of Baroda
भारत का अंतर्राष्ट्रीय बैंक

क्षेत्रीय कार्यालयः झाँसी क्षेत्र भूमितल, नगर निगम बिल्डिंग, ईलाइट चौराहा, जिला–झाँसी–284001 (उ.प्र.)

अचल संपत्तियों की बिक्री हेतु नीलामी बिक्री सूचना [परिशिष्ट–IV ए] नियम 6 (2) व 8(6) के प्रावधान देखें]

प्रतिभूति ब्याज (प्रवर्तन) नियमावली 2002 के नियम 6(2) व 8(6) के प्रावधान के साथ पठित प्रतिभूति ब्याज अधिनियम 2002 की वित्तीय परिसंपत्तियों के प्रतिभूतिकरण व पुनः निर्माण और प्रवर्तन के तहत अचल परिसंपत्तियों की बिक्री हेतु ई–नीलामी बिक्री सूचना।

जन साधारण तथा विशेषतः ऋणकर्ताओं, बंधककर्ताओं व गारंटरों को एतद्द्वारा सूचना दी जाती है कि प्रत्याभूतित ऋणदाता के पास रेहन रखी/प्रभारित/गिरवी निम्न उल्लेखित अचल संपत्ति जिसका कब्जा **बैंक ऑफ बड़ौदा** प्रत्याभूतित ऋणदाता के **प्राधिकृत अधिकारी** द्वारा लिया गया है। इसकी बिक्री निम्न निर्दिष्ट बकाया राशि की वसूली हेतु **"जैसे है जहां है" "जैसे है जो है" और "जो कुछ वहां है"** के आधार पर की जाएगी।

ऋणकर्ता(ओं)/बंधककर्ता(ओं)/गारंटरों/प्रत्याभूतित परिसंपत्ति/बकाया राशि/आरक्षित मूल्य/ई–नीलामी की तिथि व समय, ईएमडी व बोली वृद्धि राशि निम्नानुसार है।

ई–नीलामी की तिथिः 27.03.2026 | **ईएमडी जमा करने की अंतिम तिथि 25.03.2026 सायं 04.00 बजे तक**

क्र. सं.	ऋणियों/जमानतदारों/बंधकदारों का नाम एवं पता	अचल सम्पत्ति का विवरण ज्ञात अतिक्रमणों सहित, यदि कोई हो	कुल बकाया	ई–नीलामी की तिथि व समय	आरक्षित धनराशि / अग्रिम धनराशि / बिड बढ़ोतरी राशि	कब्जा की स्थिति (सांकेतिक/भौतिक)	संपत्ति निरीक्षण की तिथि एवं समय
1.	**ऋणीः मेसर्स भदौरिया इंजीनियरिंग एण्ड कम्पनी, पंजीकृत कार्यालयः** 121, खंडेराव गेट के बाहर, झाँसी–284001 **पार्टनर्सः 1. श्री धर्मेंद्र सिंह भदौरिया** निवासी 235/8–121, एलवीएम कॉलेज के सामने, खंडेराव गेट के बाहर झाँसी खास, झाँसी उ.प्र. 284001 **2. श्री शिवेन्द्र भदौरिया** निवासी 235, खंडेराव गेट के बाहर, झाँसी खास, झाँसी उ.प्र. 284002 **जमानतकर्ताः श्रीमती विमलेश सिंह भदौरिया** निवासी 121, खंडेराव गेट के बाहर, पंडित कृष्ण चंद्र शर्मा कन्या इंटर कॉलेज के पास, झाँसी 284001	आवासीय संपत्ति स्थित आरज़ी संख्या 3027, मकान संख्या पुराना 121 एवं नया 153, खंडेराव गेट के बाहर, झांसी, क्षेत्रफल 1118 वर्ग फीट, **मालिकः** श्री धर्मेंद्र सिंह भदौरिया पुत्र श्री हरि बहादुर सिंह एवं राघवेंद्र सिंह भदौरिया के सभी वर्तमान कानूनी वारिस, **चौहद्दी (दस्तावेज़ के अनुसार): पूर्वः** उत्तम चंद कन्हैया लाल का प्लॉट, **पश्चिमः** विक्रेता का प्लॉट, **उत्तरः** रास्ता, **दक्षिणः** धर्म प्रकाश का प्लॉट	रू. 19,18,145.14 + दिनांक 09.03.2026 से संविदात्मक दर पर मासिक किस्तों के साथ ब्याज एवं भुगतान की तिथि तक लागत, शुल्क एवं खर्चे सहित	ई–नीलामी की तिथिः 27.03.2026 ई–नीलामी का समयः दोपहर 12:00 बजे से दोपहर 3:00 बजे तक	1. रू0 54,00,000/- (आरक्षित मूल्य) 2. रू0 5,40,000/- (अग्रिम धनराशि) 3. रू0 10,000/- (न्यूनतम बिड बढ़ोतरी राशि)	सांकेतिक कब्जा	24.03.2026 प्रारंभ समयः दोपहर 3:00 बजे से समाप्ति समयः शाम 5:00 बजे
2.	**ऋणी एवं बंधककर्ताः श्री सहबान अली पुत्र राजा अली,** निवासी 1631/9ए दतिया गेट के बाहर, झाँसी खास, झाँसी शहर, झाँसी 284002 **जमानतकर्ताः श्री रमजान अली पुत्र राजा अली,** निवासी 1631/1ए सुपर कॉलोनी दतिया गेट के बाहर, झाँसी 284002	आवासीय मकान स्थित मौजा, झांसी खास आबादी, अलीगोल तहसील एवं जिला झांसी, आराजी संख्या 1932, क्षेत्रफल 446.70 वर्ग फीट, **मालिकः** श्री सहबान अली पुत्र श्री राजा अली, **चौहद्दीः उत्तरः** सईद का प्लॉट, **दक्षिणः** 3.66 मीटर चौड़ी सड़क, **पूर्वः** विक्रेता का प्लॉट, **पश्चिमः** 5.79 मीटर चौड़ी सड़क	रू. 25,58,348.62 + दिनांक 09.03.2026 से संविदात्मक दर पर मासिक किस्तों के साथ ब्याज एवं भुगतान की तिथि तक लागत, शुल्क एवं खर्चे सहित	ई–नीलामी की तिथिः 27.03.2026 ई–नीलामी का समयः दोपहर 12:00 बजे से दोपहर 3:00 बजे तक	1. रू0 12,26,000/- (आरक्षित मूल्य) 2. रू0 1,22,600/- (अग्रिम धनराशि) 3. रू0 10,000/- (न्यूनतम बिड बढ़ोतरी राशि)	सांकेतिक कब्जा	24.03.2026 प्रारंभ समयः दोपहर 3:00 बजे से समाप्ति समयः शाम 5:00 बजे

बिक्री के विस्तृत नियम एवं शर्तों के लिए, कृपया वेबसाइट **https://www.bankofbaroda.in/e-auction** एवं **Baanknet.com** पर जाएं। इच्छुक बोलीदाता अधिकृत अधिकारी से **मोबाइल नंबर 9519857733** पर संपर्क कर सकते हैं।

दिनांकः 10.03.2026 **स्थानः झांसी** **हस्ता/- प्राधिकृत अधिकारी, बैंक ऑफ बड़ौदा**

झाँसी सिनेमा
नटराज सिनेमा में ता. 6 मार्च से रोजाना 2 शो
द केरला स्टोरी की अपार सफलता के बाद विपुल अमृत शाह की शानदार पेशकश
द केरला स्टोरी-2 (2-D हिन्दी में)
शो टाइम: 3:30 एवं 6:30 बजे
ता. 6 मार्च से प्रतिदिन 2 शो
चरक (2-D हिन्दी में)
शो टाइम: 12:30 एवं 9:30 बजे
Advance Booking Available
bookmyshow, Paytm & www.natarajcinema.com

खिलौना मल्टीप्लेक्स
रिकलाइनर सीटों का आनंद लें
ता. 6 से भव्य प्रदर्शन प्रतिदिन 2शो
बच्चों के साथ सपरिवार देखें अमेरिकन साइंस फिक्शन कॉमेडी एनीमेशन फिल्म
हॉपर्स (3-D हिन्दी में)
शो टाइम: 10:30, एवं 6:30 बजे
ता. 06 से शानदार 2सरा प्रतिदिन 4शो
द केरला स्टोरी की अपार सफलता के बाद विपुल अमृत शाह की शानदार पेशकश
द केरला स्टोरी-2
शो टाइम: 1:00, 3:30, 06:45 एवं 09:30 बजे
ता. 6 से 3सरा शानदार सप्ताह प्रतिदिन 3 शो
ओ रोमियो
शो टाइम: 12:30, 3:45 एवं 9:30 बजे
Now Online Ticket Booking At- www.bookmyshow.com, Paytm

झाँसी शॉपिंग बाजार M.: 7617406633

BALAJI SOLAR POWER
हमारा संकल्प हर घर सोलर घर-घर सोलर
सोलर आटा चक्की
1,08,000/-* तक सरकारी अनुदान पायें
प्रधानमंत्री सूर्य घर-मुफ्त बिजली योजना का लाभ उठायें
प्रतिमाह 300 यूनिट तक मुफ्त बिजली प्राप्त करने का सुनहरा अवसर
बालाजी सोलर पावर
बालाजी कंस्ट्रक्शन
ऑफिस- जिला पंचायत कार्यालय के सामने, कचहरी-सदर रोड, झांसी
मो. : 7985587254, 7380777717

Medical Helpline
विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें- 9761504458

मां पीताम्बरा चिकित्सालय
आर्य कन्या डिग्री कालेज के सामने, सीपरी बाजार, झांसी
डॉ.जी.एस.अर्गल नेत्र रोग विशेषज्ञ एवं सर्जन M: 9506745015
डॉ.ऊषा अर्गल स्त्री रोग विशेषज्ञ एवं सर्जन M: 9616773233
मोतियाबिंद ऑपरेशन एवं लैंस प्रत्यारोपण 7000/- से शुरू
परामर्श समय प्रतिदिन प्रातः 10 से दोपहर 02 बजे तक रविवार अवकाश

स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ
झांसी- खुराना हॉस्पिटल
सोमवार से शुक्रवार सुबह 10 से दोपहर 12 बजे तक
मोंठ- बाल गोपाल अस्पताल प्रत्येक रविवार
डॉ. शताब्दी सिंघल MBBS, MS (कोलकाता)
Ph. : 9236850051